महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

जनसंपर्क कार्यालय

PUBLIC RELATIONS OFFICE

हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम शनिवार से

वर्धा, 09 अगस्त 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में शिक्षा विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय (रजत जयंती वर्ष) एवं पिल्लई कॉलेज ऑफ एजुकेशन एंड रिसर्च, चेंबूर के सहयोग से 10-17 अगस्त को अपराह्न 04:00 से 07:00 बजे तक ऑनलाईन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अभिविन्यास एवं संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षक केंद्र इस कार्यक्रम के आयोजक है। कार्यक्रम में भारतीय ज्ञान प्रणाली, समग्र एवं बहुविद्याशाखीय शिक्षा, अकादमिक नेतृत्व, शासन एवं प्रबंध, उच्च शिक्षा एवं समाज, उच्च शिक्षा एवं विकास, कौशल विकास, विद्यार्थी विविधता एवं समावेशी शिक्षा, सूचना एवं प्रम्प्रेषण प्रौद्योगिकी विषयों पर चर्चा होगी।

कार्यक्रम के संरक्षक विवि के कुलपति प्रो. कृष्ण कुमार सिंह है। शिक्षा विद्यापीठ के अधिष्ठाता एवं मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र के प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर निदेशक रहेंगे तथा शिक्षा विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, मुंबई की अध्यक्ष प्रो. सुनीता मगरे संयोजक होंगी। कार्यक्रम के समन्वयक शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रमोद जोशी, डॉ. हेमचन्द्र ससाने एवं पिल्लई कॉलेज ऑफ एजुकेशन एण्ड रिसर्च (स्वायत्त), चेंबूर की प्रधानाचार्या डॉ. रेनी फ्रांसिस होंगी।

पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत

ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org

दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305